भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1832
दिनांक 10.02.2026 को उत्तरार्थ

पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधि

†1832. डॉ. थोल तिरूमावलवन:

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की कुल संख्या से संबंधित आंकड़े हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में निर्वाचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला प्रतिनिधियों की संख्या के बारे में आंकड़े हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह)

(क) से (घ):निर्वाचित प्रतिनिधियों और महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक** में रखा गया है। इन आंकड़ों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की ग्राम पंचायतों**,** मध्यवर्ती पंचायतों और जिला पंचायतों में कार्यरत निर्वाचित प्रतिनिधियों की कुल संख्या शामिल है। इसके अलावा**,** निर्वाचित प्रतिनिधियों के जाति आधारित आंकड़े पंचायती राज मंत्रालय में नहीं रखे जाते हैं।

***

अनुलग्नक

'पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधि' पर दिनांक 10.02.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1832 में संदर्भित अनुलग्नक।

निर्वाचित प्रतिनिधियों और महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का राज्यवार विवरण

क्र. स.	**श्रेणी**	**राज्य / संघ राज्य क्षेत्र**	**निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या**	**महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या**	**टिप्पणी**
1	राज्य	आंध्र प्रदेश	1,54,414	85,593	-
2	राज्य	अरुणाचल प्रदेश	8,675	3,967	-
3	राज्य	असम	24,455	14,693	-
4	राज्य	बिहार	2,45,342	1,35,805	-
5	राज्य	छत्तीसगढ़	1,74,926	98,787	-
6	राज्य	गोवा	1,608	745	-
7	राज्य	गुजरात	1,32,222	69,566	-
8	राज्य	हरियाणा	71,455	32,892	-
9	राज्य	हिमाचल प्रदेश	30,578	15,250	-
10	राज्य	झारखंड	56,808	32,014	-
11	राज्य	कर्नाटक	94,035	49,723	यह ग्राम पंचायतों के आंकड़े हैं। ब्लॉक और जिला पंचायत चुनाव 2021 से लंबित हैं।
12	राज्य	केरल	19,950	10,930	-
13	राज्य	मध्य प्रदेश	3,95,552	2,09,041	-
14	राज्य	महाराष्ट्र	28,248	14,135	336 ब्लॉक पंचायतों और 32 जिला पंचायतों में चुनाव लंबित हैं।
15	राज्य	मणिपुर	शून्य	शून्य	पंचायतों का कार्यकाल अक्टूबर, 2022 में समाप्त हो गया। अभी

					तक चुनाव नहीं हुए हैं।
16	राज्य	मेघालय	लागू नहीं	लागू नहीं	संविधान के भाग IX के अंतर्गत शामिल नहीं है
17	राज्य	मिजोरम	लागू नहीं	लागू नहीं	
18	राज्य	नगालैंड	लागू नहीं	लागू नहीं	
19	राज्य	ओडिशा	1,06,353	57,001	-
20	राज्य	पंजाब	1,00,034	44,519	-
21	राज्य	राजस्थान	11,590	6,358	-
22	राज्य	सिक्किम	1,257	655	-
23	राज्य	तमिलनाडु	शून्य	शून्य	पंचायतों का कार्यकाल जनवरी 2025 में समाप्त हो गया। अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं।
24	राज्य	तेलंगाना	12,702	6,298	यह ग्राम पंचायतों के आंकड़े हैं। ब्लॉक और जिला पंचायत चुनाव अभी तक नहीं हुए हैं।
25	राज्य	त्रिपुरा	6,909	3,126	-
26	राज्य	उत्तर प्रदेश	6,77,382	2,76,181	-
27	राज्य	उत्तराखंड	11,498	6,366	
28	राज्य	पश्चिम बंगाल	74,424	40,537	-
29	संघ राज्य क्षेत्र	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	861	415	-
30	संघ राज्य क्षेत्र	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	503	288	-
31	संघ राज्य क्षेत्र	जम्मू एवं कश्मीर	276	95	ग्राम पंचायतों और ब्लॉक पंचायतों का कार्यकाल जनवरी, 2024 में समाप्त हो

					गया। अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं।
32	संघ राज्य क्षेत्र	लद्दाख	शून्य	शून्य	पंचायतों का कार्यकाल जनवरी 2024 में समाप्त हो गया। अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं।
33	संघ राज्य क्षेत्र	लक्षद्वीप	शून्य	शून्य	पंचायतों का कार्यकाल दिसंबर, 2022 में समाप्त हो गया। अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं।
34	संघ राज्य क्षेत्र	पुदुच्चेरी	शून्य	शून्य	पंचायतों का कार्यकाल जुलाई, 2011 में समाप्त हो गया। अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं।

स्रोत: राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पंचायती राज मंत्रालय को, समय-समय पर, प्रदान किए गए आंकड़े।

*****